Ruling regarding Notices of Adjournment Motion

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे माननीय सदस्यों द्वारा कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं । मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आज जो लिस्टेड जीरो आवर है, उसमें जिनके नाम आए हैं, उनको बोलने की अनुमति दी जाएगी । अगर आप शून्य काल नहीं चलाने में इंटरेस्टेड हैं तो फिर मैं बजट पर चर्चा शुरू करा सकता हूँ ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** यह विषय मेरे ध्यान में आ गया है और मैंने इसकी व्यवस्था कर दी है । आप शून्य काल में इंटरेस्टेड नहीं हैं । क्या मैं बजट पर चर्चा शुरू करा दूँ?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** लिस्टेड जीरो ऑवर होगा । आप लोग शांति से बैठोगे तो शून्य काल चलेगा, अशांति से बैठोगे तो नहीं चलेगा । आप जाइए और अपनी-अपनी सीट पर जाकर बैठिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** ऐसे हाउस नहीं चलता है । यह संसद है, संसद को संसद की गरिमा से चलने दीजिए । आप बैठ जाइए । आप बैठिए । बीच-बीच में ऐसे नहीं उठते हैं । कुछ मर्यादा बनाने की परम्पराओं को शुरू कीजिए । संसद की गरिमा बनाकर रखिए । लिस्टेड जीरो ऑवर होगा, उसके बाद जो भी माननीय सभापति चेयर पर बैठेंगे, उपयुक्त विषय होगा, कोई गंभीर विषय होगा तो उस पर बात करेंगे । कृपया, बैठ जाइए । आप बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप बैठिए । कृपया, बैठ जाइए । आप भी बैठिए । मुझे जानकारी मिल गई है, मैंने उसकी व्यवस्था कर दी है । मैंने व्यवस्था दे दी है ।

**<u>12.07 hrs</u>**